# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
## ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक /2555/परीक्षा–गोपनीय/2021 बिलासपुर दिनाँक 22 MAY 2021

## –::अधिसूचना::–

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटलनगर द्वारा जारी आदेश क्रमांक एफ 17–1/2021/38–2 नवा रायपुर, दिनाँक 21.04.2021 एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक Q/परीक्षा–गोपनीय/2021 बिलासपुर दिनांक 05.05.2021 के अनुपालन में किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) के निम्नानुसार कक्षा/सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं की परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा **ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड के माध्यम** से निर्धारित/संलग्न समय–सारणी अनुसार दिये गये दिशा–निर्देशों के अंतर्गत आयोजित की जावेगी:–

| Sl. No. | Date | Day | Subject/Paper | Class | Timing of Upload of Question Papers |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01-06-2021 | Tuesday | All Subjects/ Papers | B.A./B.Com/ B.Sc. (Maths/Bio) BCA Sem-III (Reg./ATKT) | 11:00 AM to 11:30 AM |
| 2 | 02-06-2021 | Wednesday | All Subjects/ Papers | B.A./B.Com/ B.Sc. (Maths/Bio) BCA Sem-V (Reg./ATKT) | 11:00 AM to 11:30 AM |
| 3 | 03-06-2021 | Thursday | All Subjects/ Papers | B.A./B.Com/ B.Sc. (Maths/Bio) BCA Sem-I (Reg./ATKT) | 11:00 AM to 11:30 AM |
| | | | All Subjects/ All Papers | M.A./M.Sc. Sem-III (Reg./ATKT) | |
| 4 | 04-06-2021 | Friday | All Subjects/ Papers | B.A./B.Com/ B.Sc. (Maths/Bio) BCA Sem-II (ATKT) | 11:00 AM to 11:30 AM |
| | | | Respective Subjects & Respective Papers of ATKT Students | M.A./M.Sc. Sem-I (ATKT) | |
| 5 | 05-06-2021 | Saturday | All Subjects/ Papers | B.A./B.Sc. (Maths/Bio) Sem-IV (ATKT) | 11:00 AM to 11:30 AM |
| 6 | 06-06-2021 | Sunday | All Subjects/ Papers | B.A./B.Sc. (Maths/Bio) Sem-VI (ATKT) | 11:00 AM to 11:30 AM |

नोटः– *01. उत्तरपुस्तिकाएं महाविद्यालय में जमा करने हेतु तिथि एवं दिशा–निर्देश पृथक से जारी किए जायेंगे।*

*02. वर्तमान में व्याप्त कोरोना महामारी (कोविड–19) से यदि कोई छात्र–छात्राएं पीड़ित हैं (CORONA POSITIVE) और वर्तमान में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाते हैं तो बाद में ऐसे छात्र छात्राएं अपना आवेदन पत्र एवं कोरोना जांच रिपोर्ट (RTPCR REPORT) के साथ ही चिकित्सकीय प्रमाण पत्र सहित संबंधित महाविद्यालयों में अपना आवेदन जमा करेंगे। तत्पश्चात् महाविद्यालय की अनुशंसा के आधार पर संबंधित छात्र–छात्राओं को पृथक से परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जायेगा।*

परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देशः–

1. परीक्षार्थी परीक्षार्थी दिनांक **28.05.2021** से विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.bilaspuruniversity.ac.in** से अथवा सीधे **exam.bucgexam.in** पोर्टल से **Download > Admit Card** पर क्लिक कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को यदि परीक्षा फार्म भरने/प्रवेश पत्र डाउनलोड करने एवं प्रश्न पेपर डाउनलोड करने पर यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राध्यापक श्री सिकंदर कुजूर मो.नं. **7000947512** के नम्बर पर फोन के माध्यम से भी समाधान कर सकते हैं।
2. समस्त कक्षाओं के प्रश्नपत्र निर्धारित तिथि के अनुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.bilaspuruniversity.ac.in** होम पेज ओपन कर **Left Side** में दिये गये **Quick Link** पर उपलब्ध **Download Question Paper** लिंक को क्लिक कर (समय सारणी में दिये गये समयानुसार) परीक्षार्थी अपना प्रश्नपत्र डाउनलोड करेंगे। छात्रों को प्रश्नपत्र उनके **User ID** पर लॉग–इन करने के बाद **Left Side** में **Notice Board** के सबसे नीचे दिये गये **Question Paper Download** ऑप्शन पर क्लिक कर समय सारणी में दिये गये समयानुसार अपना प्रश्न पत्र उक्त माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।
3. प्रश्नपत्र डाउनलोड करने पर यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो **छात्र–छात्राएं** संबंधित महाविद्यालय से संपर्क कर सकते हैं।
4. परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र से विषय/प्रश्नपत्र का मिलान कर संबधित प्रश्न पत्र को ही हल करेंगे।
5. **परीक्षार्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका के कव्हर पेज को विश्वविद्यालय के** वेबसाईट **www.bilaspuruniversity.ac.in** के होम पेज ओपन कर **Left Side** में दिये गये **Quick Link** पर **Download Answer Sheet** लिंक को क्लिक कर डाउनलोड/प्रिंट कर उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ को प्रयुक्त करते हुये कुल 32 पृष्ठों की उत्तरपुस्तिका बनाकर उपयोग करेंगे। मुख्य पृष्ठ में महाविद्यालय कोड अंकित करना अनिवार्य होगा। कुल 32 पृष्ठ से अधिक की उत्तर पुस्तिका मान्य नहीं होगी।
6. उत्तरपुस्तिका के लिए परीक्षार्थी सामान्य A–4 साईज का पेज (स्टेपल्ड) का उपयोग कर सकते है। प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका बनाना अनिवार्य होगा।
7. **वर्तमान समय में राज्य के अनेक जिलों में लॉकडाउन होने की वजह से यदि उत्तरपुस्तिका के मुख्य/कव्हर पृष्ठ का प्रिंट आउट निकाल पाना संभव न हो, तो परीक्षार्थी मुख्य/कव्हर पृष्ठ में उल्लेखित बिंदुओं की जानकारी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ पर लिखकर भी चस्पा कर सकते हैं।**
8. उत्तरपुस्तिका स्व हस्तलिखित होनी चाहिए। टाईप या फोटोकॉपी किए हुए उत्तर पुस्तिका स्वीकार नहीं किए जायेंगे। इस हेतु परीक्षार्थी स्वंय जिम्मेदार होंगे।
9. कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाएं डाक के माध्यम से भी संबंधित महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे।
10. परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाएं अपने पास सुरक्षित रखेंगे। कोविड–19 से उत्पन्न विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एवं शासन द्वारा जारी गाईडलाईन का पालन करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिकाएं संबंधित महाविद्यालयों में जमा करने हेतु निर्देश पृथक से जारी किए जायेंगे।
11. **ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड आधारित परीक्षा परिणाम पर परीक्षार्थी को पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना की पात्रता नहीं होगी।**

12. सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड आधारित सम्पन्न परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिका परीक्षार्थी को प्रदान नहीं की जाएगी।

13. ऐसे समस्त परीक्षार्थी जिन्होंने मुख्य/सेमेस्टर परीक्षा 2021 हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरा है, उन्हें ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड आधारित परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

संलग्नः–विस्तृत समय–सारणी।

आदेशानुसार
Monday 22/05/21
परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर

पृ. क्रमांक /2556/परीक्षा–गोपनीय/2021 बिलासपुर दिनाँक 22 MAY 2021

प्रतिलिपिः–

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन रायपुर (छ.ग.) को राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन मंत्रालय, अटल नगर रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
03. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय इन्द्रावती भवन, मंत्रालय, अटल नगर रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
04. कुलपति जी के निज सहायक को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
05. माननीय कुलपति महोदय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के निज सहायक को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
06. अतिरिक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा बिलासपुर को सूचनार्थ।
07. कुलसचिव महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
08. वित्ताधिकारी/सहायक कुलसचिव/(गोपनीय/वित्त/अकादमी/भंडार) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
09. प्राचार्य किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित। कृपया महाविद्यालय के वेबसाईट पर छात्र/छात्राओं के अवलोकनार्थ उक्त अधिसूचना को अपलोड करें। साथ ही छात्रों हेतु बनाये गये व्हाट्सप ग्रुप में भी अधिसूचना को अग्रेषित करें ताकि छात्र–छात्राएं सूचित हो सके।
10. कक्ष प्रभारी/संकाय प्रभारी (गोपनीय/परीक्षा) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
11. संपादक/संवाददाता, दैनिक ...................... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रुप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने कष्ट करें।
12. विश्वविद्यालय, सूचना पटल/वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

22/05/2021
परीक्षा प्रभारी

–कोरोना वायरस (COVID-19)से बचने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे दिशा–निर्देशों का पालन करें।
–कोरोना वायरस से खुद बचें तथा औरों को बचाएं।